माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)

MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM & COMMUNICATION

(Setup by Act No. 15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

Ref. No.: ASI/Certificate Course/2026/1078 Date: 18/06/2026

परिपत्र

विषय: नवीन Certificate Courses के संचालन हेतु सम्बद्धता (Affiliation) आवेदन प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश।

विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नवीन Certificate Courses के संचालन हेतु सम्बद्धता (Affiliation) आवेदन प्रक्रिया MPOnline पोर्टल पर संचालित की जा रही है। इस संबंध में विभिन्न सम्बद्ध अध्ययन संस्थाओं द्वारा प्राप्त जिज्ञासाओं एवं सुझावों पर विचारोपरांत विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिए गए हैं—

1. निरीक्षण (Inspection) के संबंध में

नवीन Certificate Courses की सम्बद्धता प्रदान किए जाने हेतु वर्तमान में किसी पृथक निरीक्षण की आवश्यकता नहीं होगी। जो संस्थाएं विश्वविद्यालय के PGDCA एवं DCA पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु निर्धारित अधोसंरचना, संसाधनों एवं मानकों की पूर्ति करती हैं, उन्हें नवीन Certificate Courses की सम्बद्धता प्राप्त करने के लिए पात्र माना जाएगा।

2. वार्षिक नवीनीकरण शुल्क के संबंध में

नवीन Certificate Courses के लिए पृथक वार्षिक नवीनीकरण शुल्क देय नहीं होगा। सम्बद्ध संस्थाओं पर वर्तमान में PGDCA एवं DCA पाठ्यक्रमों के लिए लागू नवीनीकरण शुल्क की व्यवस्था यथावत प्रभावी रहेगी।

3. धारा 27 के लंबित नवीनीकरण प्रकरणों के संबंध में

अनेक संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया है कि उनकी समितियों के वार्षिक नवीनीकरण (धारा 27, पंजीयक फर्म एवं सोसायटी) के आवेदन संबंधित कार्यालय में विचाराधीन हैं। ऐसी स्थिति में धारा 27 के अद्यतनकरण हेतु प्रस्तुत आवेदन की पावती (Acknowledgement Receipt) को तदर्थ रूप से मान्य माना जाएगा।

अतः समस्त सम्बद्ध अध्ययन संस्थाओं के संचालकों/प्राचार्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे MPOnline पोर्टल पर लॉगिन कर Affiliation 2026 → New Certificate Course विकल्प के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे नवीन Certificate Courses के संचालन हेतु समयबद्ध अनुमोदन प्रदान किया जा सके।

निरंतर--------२

म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के सामने, बिशनखेड़ी, भोपाल (म.प्र.) 462044, फोन : (0755) 2572538, 2574531, 9202767051

Near MP State Shooting Academy, Bisenkhedi, Bhopal (MP) 462011, Phone-(0755) 2572538, 2574531, 9202767051

E-mail: asimcrpv@gmail.com, Website – www.mcu.ac.in, www.mcnujc.ac.in

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)
MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM & COMMUNICATION
(Setup by Act No. 15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

किसी भी प्रकार की जानकारी, मार्गदर्शन अथवा तकनीकी सहायता के लिए विश्वविद्यालय के सम्बद्ध अध्ययन संस्थान विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जाता है।

(प्रो. (डॉ.) पी. शशिकला)
प्रभारी कुलसचिव

पृ. क्र. सं.अ.सं. / क्रमांक / 1079 / 2026 दिनांक 18/06/2026

प्रतिलिपिः

1. माननीय कुलगुरु जी के निजी सहायक - सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदया के निजी सहायक - सादर सूचनार्थ।
3. डीन (अकादमिक/शैक्षणिक), आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. निदेशक (ASI), आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. परीक्षा नियंत्रक, आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. स्क्रूटनी समिति को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
7. ऑनलाइन शाखा, ASI विभाग, आवश्यक तकनीकी सहायता एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु।
8. गार्ड फाइल (सुरक्षित नस्ती)।

(प्रो. (डॉ.) पी. शशिकला)
प्रभारी कुलसचिव

म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के सामने, बिशनखेड़ी, भोपाल (म.प्र.) 462044, फोन : (0755) 2572538, 2574531, 9202767051
Near MP State Shooting Academy, Bisenkhedi, Bhopal (MP) 462011, Phone-(0755) 2572538, 2574531, 9202767051
E-mail: asimcrpv@gmail.com, Website – www.mcu.ac.in, www.mcnujc.ac.in